दिन—गुरुवार दिनांक— 26 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। श्री रिजिजू ने कहा कि भारत ऊर्जा संसाधनों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है और अपने ऊर्जा संकट से निपटने के लिए प्रबंध कर रहा है। श्री रिजिजू ने बताया कि भारतीय जहाज होर्मुज जल डमरू मध्य से सुरक्षित रूप से गुजर रहे हैं। यह भारत की मजबूत कूटनीतिक पहुंच और वैश्विक स्थिति को दर्शाता है।

———————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि घरेलू गैस की समस्या इस समय एक वैश्विक समस्या है। उन्होंने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमारा देश भी इससे प्रभावित है। श्री कुशवाहा ने कहा कि ऐसी परिस्थिति में सभी राजनीतिक दल एक साथ आकर राष्ट्र के हित में खड़े होते हैं।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य के सुदुर क्षेत्रों से राजधानी पटना छह घंटे में पहुंचने का लक्ष्य वर्ष दो हजार सोलह में ही पूरा कर लिया गया। अब इसे घटाकर पांच घंटे किया जा रहा है। श्री कुमार समृद्धि यात्रा के पांचवे चरण के अंतिम दिन आज नालंदा जिले के बिहार शरीफ में जनसंवाद को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने जिले में चार सौ चौरानवे करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ छह योजनाओं का शिलान्यास और तीन सौ सोलह करोड़ रूपये की लागत से एक सौ दस योजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिले की पांच सौ तिरासी करोड़ रूपये लागत वाली छह सौ बारह योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री कुमार ने चार सौ तिहरत्तर करोड़ रूपये लागत वाली सात सौ इकसठ योजनाओं का उद्घाटन किया। श्री कुमार ने विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की।

———————————————————

चैत नवरात्र के आठवें दिन आज मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूरे विधि—विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। पटना के प्रसिद्ध शक्तिपीठ

पटनदेवी सहित प्रदेश के सभी मातृ शक्ति मंदिरों पर भक्तों की सुबह से ही लंबी कतार लगी हुई है। कई पूजा पंडालों में आज कन्या पूजन का भी आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————

रामनवमी का त्योहार कल प्रदेशभर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा झांकी निकाली जाएगी। पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर का पट दर्शन के लिए आज रात दो बजे से खोल दिये जायेंगे। इधर, रामनवमी को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि सुरक्षा बलों की पैंतालीस अतिरिक्त कम्पनियों की तैनाती की गयी है।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम नवमी के अवसर पर शुभकामनाएं दीं हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान राम का जीवन हमें समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते कहा कि त्याग, तपस्या और संयम से परिपूर्ण मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन हर परिस्थिति का पूर्ण शक्ति से सामना करने की प्रेरणा देता है। श्री मोदी ने कहा कि भगवान राम के आदर्श न केवल भारत की जनता बल्कि समस्त मानवता का अनंत काल तक मार्गदर्शन करते रहेंगे।

———————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के एक बार फिर सक्रिय होने के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम में बदलाव आया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ भागों में तेज रफ्तार के साथ हवा चलने से तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार, बांका, भागालुपर समेत राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर वज्रपात के साथ आंधी–बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।